प्रीलिम्स फैक्ट्स : 18 अप्रैल, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-18-04-2018

'द न्यूयॉर्क टाइम्स' और पत्रिका 'द न्यूयॉर्कर' को पुलित्ज़र पुरस्कार

हाल ही में वर्ष 2018 के पुलित्ज़र पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई जहाँ विभिन्न क्षेत्रों में ये पुरस्कार प्रदान किये गए।

- 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' और पत्रिका 'द न्यूयॉर्कर' नामक दो समाचार पत्रों को संयुक्त रूप से लोकसेवा के पुलित्ज़र पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- इन समाचार पत्रों को यौन उत्पीड़न व यौन दुर्व्यवहार के मामलों का खुलासा करने के कारण इस पुरस्कार के लिये चुना गया है।
- वहीं, ‘द टाइम्स’ और ‘द वाशिंगटन पोस्ट’ को डोनाल्ड ट्रंप के रूस के साथ संभावित संबंधों के बारे में कवरेज प्रदान करने के लिये ‘राष्ट्रीय रिपोर्टिंग पुरस्कार’ के लिये चुना गया है।
- साथ ही, संगीत में रैपर केंड्रिक लेमर को उनके एल्बम 'डैम'(DAMN) के लिये पुलित्ज़र पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 1917 से यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है एवं इसे अमेरिकी पत्रकारिता में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार माना जाता है।

गुंटूर में पूर्व ऐतिहासिक रॉक आर्ट साइट की खोज

दचेपल्ली के निकट नागुलेरू के पूर्वी तट पर चूना पत्थर के विशाल क्षेत्र में पूर्व ऐतिहासिक रॉक आर्ट साइट की खोज की गई है।

- यह 1500-2000 ई.पू. के दौरान गुंटूर में निओलिथिक सभ्यता पर प्रकाश डालता है।
- यह अपनी तरह का देश में पहला प्राकृतिक चूने पत्थर वाला रॉक आर्ट साइट है।
- रॉक आर्ट साइट पर किये गए उत्कीर्णन और ब्रशिंग से प्राचीन सभ्यताओं के सामाजिक तथा सांस्कृतिक प्रथाओं पर प्रकाश पड़ता है।
- रॉक आर्ट साइट से एक मानव सदृश्य आकृति मिली है और एक उत्कीर्णन में एक योद्धा को तलवार और एक ढाल लिये दर्शाया गया है, जो लौह युग की प्रथाओं को दर्शाता है।